## महत्वपूर्ण एवं खास

### मेगा लीगल सर्विस कैम्प का आयोजन आज

**रायगढ़।** मेगा लीगल सर्विस कैंप का आयोजन 6 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष रायगढ़ में होगा। उपरोक्त कार्यक्रम में रायगढ़ विकासखंड के हितग्राही एवं जनसामान्य कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में उपस्थित होंगे तथा अन्य विकासखंड के विकासखंड स्तरीय अधिकारी एवं हितग्राही जनसामान्य अपने-अपने जनपद पंचायत कार्यालय से वीडियोकांफ्रेंस के जरिए जुड़ेंगें। संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित होंगें और कार्यक्रम के औपचारिक शुभारंभ पश्चात अपने-अपने विभाग में संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी क्रमश: देंगे। उसके पश्चात अतिथियों का उदबोधन होगा, तत्पश्चात हितग्राहियों को सामग्री/प्रमाणपत्र इत्यादि का वितरण किया जाएगा।

### 15 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, तमनार पुलिस की कार्यवाई

**0 आरोपी बिना नम्बर के मोटर सायकल में कर रहा था शराब परिवहन**

**रायगढ़।** तमनार पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग दौरान ग्राम पडिगांव में मुखबिर सूचना पर शराब रेड कार्रवाई कर ग्राम पडिगांव के धनुर्जय मांझी पिता भोजराम मांझी (उम्र 45 वर्ष) को गांव की बस्ती में मोटर सायकल पर अवैध बिक्री के लिए शराब लेकर आते पकड़ा गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के मोटर सायकल डिक्की में रखा 15 नग प्लास्टिक पाऊच में भरा 15 लीटर महुआ शराब और शराब परिवहन में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेटिना मोटर सायकल जप्त किया गया है। थाना तमनार में आरोपी धनुर्जय मांझी पर धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे के नेतृत्व में शराब रेड कार्रवाई में थाने के प्रधान आरक्षक संतोष कुमार कुर्रे, आरक्षक कमलेश्वर सिंह राठिया और किशोर कुल्लू की प्रमुख भूमिका रही है।

### सर्विस नहीं मिलने से नाराज युवक ने शो रूम के सामने अपनी गाड़ी में लगाया आग

**बिलासपुर (आरएनएस)।** सर्विस सही नहीं मिलने से नाराज एक युवक ने मोपेड शोरूम में जमकर हंगामा मचाते हुए अपने वाहन में आग लगा दी। यह मामला तिफरा ओवर ब्रिज के पास स्थित शोरूम का है। मिली जानकारी के अनुसार एक युवक जांजगीर जिले की पासिंग एक्टिवा लेकर तिफरा ओवर ब्रिज के पास स्थित शोरूम में सर्विसिंग के लिए ले गया था। इस दौरान शोरूम के अधिकारियों द्वारा उसे सर्विसिंग नहीं दी और उसके साथ विवाद करने लगे। इस बात से नाराज युवक ने अपनी एक्टिवा में पेट्रोल डालकर शो रूम के बाहर ही आग लगा दी। आग लगने की वजह से गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। किसी अनहोनी की आशंका से घबराए कर्मचारियों और लोगों ने फायर एस्टिंग्विशर से आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक गाड़ी जल कर खाक हो चुकी थी।

### दो बाइकों के भिड़त में 1 युवक की हुई मौत 2 घायल

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के मेडिकल कॉलेज डिमरापाल जाने वाली रास्ते पर स्थित पंडरीपानी के पास दो बाइकों के भिड़त में एक युवककमलेश यादव की मौत हो गई। वहीं इस दुर्घटना में दो युवक घायलहो गये जिन्हे उपचार के लिए मेकॉज भेजा गया। परपा थाना प्रभारी धनजय सिन्हा ने बताया कि शनिवार को पंडरीपानी के आगे मोड़ में 02 बाईको में टक्कर हो गया। इस हादसे में जगदलपुर राउतपारा निवासी कमलेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई, वही सामने वाली वाहन में 2 लोग सवार थे। जिसमे एक योगेश बघेल व युवती घायल हो गये, पुलिस घटना स्थल पहुंचकर अपने वाहन से दोनों घायल को मेकॉज पहुंचाया।

# 22 वें राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

- समारोह के मुख्य अतिथि रहे विधायक प्रकाश नायक, विजेताओं को वितरित किए पुरस्कार
- ओव्हर ऑल चैम्पियन बना रायपुर संभाग, अनुशासन के लिए पुरस्कृत हुआ सरगुजा





**रायगढ़।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग रायगढ़ के तत्वाधान में 22 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज समापन समारोह विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक के मुख्य आतिथ्य में रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने की। कार्यक्रम में महापौर जानकी अमृत काटजू उपस्थित रही।

विधायक नायक ने इस मौके पर राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी खिलाडिय़ों को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने ने कहा कि आज खेल के माध्यम से पांचों संभाग के बच्चों के बीच आपसी समन्वय एवं खेल भावना देखने को मिला, जो खेल के लिए महत्वपूर्ण होता है। यह अनुभव आपको लंबे समय तक याद रहेगा। उन्होंने सभी वर्ग के विजेता बच्चों को जीत के लिए बधाई दी, जो इस बार विजेता नहीं वो अच्छे से तैयारी और मेहनत करें, अगले वर्ष विजेता अवश्य बनेंगे। इस मौके पर आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल किरोड़ीमल नगर के बच्चों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकर पटेल ने कहा कि खेल में भले ही विजेता एक होता है, लेकिन सभी ने खेल भावना और अनुशासन से अच्छा प्रदर्शन किया। राज्य शासन द्वारा आत्मानंद स्कूल बेहतर शिक्षा के क्षेत्र में मार्ग प्रशस्त कर रहा है, आशा करता हूं आप सभी खेल के साथ पढ़ाई के क्षेत्र में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

महापौर जानकी काटजू ने खिलाडिय़ों को कहा की किसी भी खेल में खेल भावना, अनुशासन महत्वपूर्ण है। जो आज रायगढ़ के स्टेडियम में देखने को मिला। सभी संभागों का बेहतर प्रदर्शन रहा। उन्होंने उपस्थित सभी खिलाडिय़ों को आगे भविष्य में खेल के माध्यम से अपने स्कूल, जिला और प्रदेश का नाम रोशन करने को कहा तथा सभी विजेता खिलाडिय़ों को अपनी बधाई दी।

इस अवसर पर सहायक संचालक संभागीय कार्यालय शिक्षा विभाग बिलासपुर प्रशांत राय, आब्जर्वर डीपीआई वरूण पाण्डेय, डीपीआई लाल बहादुर सोनकर एवं मृत्युंजय शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, सहायक संचालक स्वर्णकार, सहायक संचालक दीप्ति अग्रवाल सहित विभिन्न जोन से आए खिलाड़ी, उनके कोच मैनेजर सहत शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

22 वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में ये रहे विजेता

टेनिक्वाईट प्रतियोगिता अंतर्गत 14 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर संभाग प्रथम, द्वितीय-दुर्ग संभाग, तृतीय-बिलासपुर संभाग एवं बालिका वर्ग में रायपुर संभाग-प्रथम, द्वितीय स्थान में दुर्ग संभाग एवं तृतीय- बिलासपुर संभाग रहा। इसी तरह 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम-रायपुर संभाग, दुर्ग संभाग-द्वितीय, तीसरे स्थान में बिलासपुर संभाग रहा। बालिका वर्ग में प्रथम-रायपुर संभाग, द्वितीय-दुर्ग संभाग एवं तृतीय-बिलासपुर संभाग रहा। 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम-रायपुर संभाग, द्वितीय-दुर्ग संभाग एवं तृतीय-बिलासपुर संभाग तथा बालिका वर्ग में रायपुर संभाग-प्रथम, द्वितीय-दुर्ग संभाग एवं तृतीय-बिलासपुर संभाग रहा।

सॉफ्टबाल प्रतियोगिता अंतर्गत 14 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम-बिलासपुर संभाग, द्वितीय-रायपुर संभाग एवं दुर्ग संभाग-तृतीय रहा। इसी प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम-रायपुर संभाग, द्वितीय-बिलासपुर संभाग तथा तीसरा-दुर्ग संभाग रहा। 17 बालक वर्ग में प्रथम-बिलासपुर संभाग, द्वितीय-रायपुर संभाग एवं तृतीय-दुर्ग संभाग रहा। बालिका वर्ग में प्रथम-बिलासपुर संभाग, द्वितीय-रायपुर संभाग एवं तृतीय-दुर्ग संभाग रहा। 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम-दुर्ग संभाग, द्वितीय-रायपुर संभाग, तृतीय-बिलासपुर संभाग रहा। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान में दुर्ग संभाग, द्वितीय-बिलासपुर संभाग एवं तृतीय रायपुर संभाग रहा।

साइकिलिंग में 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम-दुर्ग संभाग, द्वितीय एवं तृतीय बिलासपुर संभाग रहा। बालिका वर्ग में प्रथम-बिलासपुर संभाग, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर दुर्ग संभाग रहा। 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम-बिलासपुर संभाग, द्वितीय-बिलासपुर तथा तृतीय-बस्तर संभाग रहा। बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर दुर्ग संभाग रहे। इसी प्रकार ओवर ऑल चैंपियन रायपुर को प्राप्त हुआ, बेस्ट डिसिप्लिन सरगुजा एवं मार्चपास्ट में बस्तर को पुरस्कार प्रदान किया गया।

# माजदा और बाइक की टक्कर से तीन लोगों की मौत



**बिलाईगढ़ (आरएनएस)।** बिलाईगढ़ के गेड़ापाली मुख्य मार्ग में शनिवार को माजदा वाहन और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई है वहीं 10 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में भर्ती किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत झुमका में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां भागवत कथा सुनने ग्राम पंचायत गेड़ापाली के करीब 40 लोग माजदा वाहन में सवार होकर गांव से निकले थे। इस दौरान गेड़ापाली मुख्य मार्ग में माजदा वाहन की एक मोटरसाइकिल से भिड़ंत हो गई। इससे माजदा वाहन पलट गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 10 से अधिक लोग घायल हुए है। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल 108 के माध्यम से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में भर्ती पहुंचाया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। हादसे में गंभीर रूप से घारयल 4 लोगों को उपचार के लिए बिलासपुर रिफर किया गया है।

# सीतापुर थाना क्षेत्र में दबिश देकर दुष्कर्म के आरोपी को लैलूंगा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रायगढ़।** महिला संबंधी अपराधों को समयावधि में निराकृत करने पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा सभी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा द्वारा महिला एवं पास्को एक्ट की मॉनिटरिंग कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी से लेकर संपूर्ण विवेचना पूर्ण कराकर मामलों का समयावधि पर निराकृत कराया जा रहा है। इसी क्रम में #लैलूंगा पुलिस द्वारा सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के महत्वपूर्ण दिशा निर्देशन पर दुष्कर्म के फरार आरोपी उमेश महंत को सीतापुर थाना क्षेत्र में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध 23 अक्टूबर को लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली युवती द्वारा थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, अपराध पंजीबद्ध के बाद लैलूंगा पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सीतापुर क्षेत्र में दबिश दिया गया था, इस दौरान आरोपी पुलिस की घेराबंदी की सूचना पाकर फरार हो गया जिस पर टीआई लैलूंगा नारायण सिंह मरकाम सुनियोजित तरीके से मुखबिर लगाकर आरोपी के छिपने की जानकारी लेकर औचक दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर जेएमएफसी घरघोड़ा न्यायालय पेश किया गया है।

घटना के संबंध में पीड़िता थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कर बताई कि वर्ष 2021 में आरोपी उमेश महंत (उम्र 22 साल) निवासी थाना क्षेत्र सीतापुर जिला सरगुजा के साथ शादी की चर्चा हुई थी। शादी की बात आगे बढ़ने पर दोनों एक-दूसरे का मोबाइल नंबर लेकर बातचीत करने लगे उमेश इसे प्रेम जाल में फंसा कर माह फरवरी 2021 में युवती के गांव मिलने आया और उसे शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद जून 2021 में उमेश अपने साथ घर ले गया और पत्नी की तरह रखकर संबंध बनाता था, शादी में विलंब होता देख उमेश को शादी करने दबाव बनाई तो शादी नहीं करूंगा कहकर घर से भगा दिया। युवती के रिपोर्ट पर आरोपी उमेश महंत के विरुद्ध अपराध क्रमांक 312/2022 धारा 376, 493 भारतीय दंड विधान के तहत अपराध दर्ज कर लगातार आरोपी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही थी, आरोपी को आज सीतापुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लैलूंगा लाया गया जिसे विधिवत गिरफ्तार कर जुडिशल रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम के नेतृत्व में पुलिस टीम में ए.एस.आई. चंदन सिंह नेताम, आरक्षक जॉन प्रकाश टोप्पो, अमरदीप एक्का तथा आरक्षक पुष्पेंद्र मराठा की अहम भूमिका रही है।

# ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को बड़े मंचों तक सामने लाने का अवसर दे रही छत्तीसगढ़िया ओलंपिकखेल- विधायक प्रकाश नायक

- सरपंच और सचिव के बीच रस्सा-कस्सी खेल में सचिवों की टीम रही विजेता



**रायगढ़।** विकासखण्ड स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक खेल का शुभारंभ आज जनपद मुख्यालय पुसौर के इन्द्रप्रस्थ खेल मैदान में रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत निराकार पटेल उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के पूजन पश्चात छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत से शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह में शास.उच्च.माध्य.वि.पुसौर के छात्राओं ने मोहक छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति दी। विधायक नायक ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को गांव से बाहर बड़े मंचों में अपने प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर दिया है, जिसका जनपद पुसौर के ग्रामीण खिलाड़ी लाभ उठावें और अपने साथ अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने उपस्थित स्कूली छात्राओं से बात किए तथा शास.हाई स्कूल पंचपारा, शास. हाई स्कूल बड़े हरदी एवं शास.हाई स्कूल सोंडेकेला के पात्र छात्राओं को शासन की बालिका शिक्षा प्रोत्साहन हेतु जारी नि:शुल्क सायकल वितरण कर लाभान्वित किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के छत्तीसगढिय़ा मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ की मूल संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं, उनमें से एक छत्तीसगढ़ की पुरातन ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन रितेश थवाईत अध्यक्ष नगर पंचायत पुसौर द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के अंत में जनपद पंचायत पुसौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल ने समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्र्रम में विकास खंड शिक्षाधिकारी दिनेश पटेल द्वारा शिक्षा विभाग एवं शिक्षकों के साथ पूरे कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का शुभारम्भ 40 वर्ष से ऊपर पुरुषों का रस्सा-कस्सी खेल से आरम्भ किया। इसके साथ ही महिलाओं का सांखली, 100 मी.दौड़, गेड़ी दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न जोन से विजयी प्रतिभागिओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सरपंच और सचिव के बीच रस्सा कस्सी के खेल में विधायक साक्षी रहे एवं सचिवों की टीम दोनों बारी में विजेता रही।

इस अवसर पर जनपद पंचायत पुसौर के अध्यक्ष सुशील भोय, उपाध्यक्ष गोपी चौधरी, रोहित पटेल विधायक प्रतिनिधि, जनपद सदस्य वैजन्ती नायक, रति बालमुकुन्द, भवानीशंकर यादव, रामनारायण नंदे एवं किशोर कसेर, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पुसौर, वीरेंद्र भोय अध्यक्ष सरपच संघ पुसौर एवं कई पंचायतों के सरपंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# किराए के मकान में पत्नी की तरह रखकर महिला का किया शारीरिक शोषण



- थाना कोतरारोड़ में आरोपी पर दुष्कर्म का अपराध पंजीबद्ध

**रायगढ़।** जिला जांजगीर-चांपा के थाना बम्हनीडीह में महिला द्वारा धनसाय चौहान पिता स्व. सुखीराम चौहान उम्र 26 साल निवासी ग्राम घटमडवा गिधौरी बलौदा बाजार के विरूद्ध रायगढ़ के किरोड़ीमलनगर क्षेत्र में किराये मकान में रखकर शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना बम्हनीडीह में आरोपी पर बिना नम्बरी धारा 376 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अपराध डायरी मूल घटनास्थल थाना कोतरारोड़ क्षेत्र का होने से कल डायरी लाकर पेश किया गया जिस पर आरोपी के विरूद्ध असल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

पीड़िता के अनुसार धनसाय चौहान को करीब डेढ साल से जानती है जो शादी का प्रलोभन देकर रायगढ़ में किराये मकान में रखा और पिछले एक साल से शारीरिक शोषण करता रहा, अब शादी से इंकार कर छोड़ दिया। आरोपी पर दुष्कर्म का अपराध दर्ज कर #कोतरारोड़ पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबीर लगाकर दबिश दिया जा रहा है।

# दोनों पालियों में मरीजों को मिलनी चाहिए इलाज की पूरी सुविधाएं-कलेक्टर

- कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारंगढ़ का किया औचक निरीक्षण, मरीजों से बात कर लिया फीडबैक
- अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की नवपदस्थ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पांडे तिवारी भी साथ रही।

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने अस्पताल में ओपीडी के साथ सभी वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने एनआरसी सेंटर, ब्लड स्टोरेज यूनिट, ऑपरेशन थिएटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी डॉक्टर्स, मेडिकल स्टॉफ के साथ समस्त अधिकारी-कर्मचारी को दोनों ही पाली में पूरे चिकित्सालयीन अवधि तक उपस्थित रह कर मरीजों को समुचित उपचार सुविधाएं मुहैय्या करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में समस्त स्वास्थ्य परीक्षण, लैब परीक्षण को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने पोषण पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण कर वहां मीनू अनुसार गुणवत्ता युक्त भोजन देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन एसटीपी, हमर लैब एवं ब्लड स्टोरेज का कार्य को सब इंजीनियर हाउसिंग बोर्ड व ठेकेदार को अगले 6 माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने इलाज के लिए पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों से भी बात की। नसबंदी के पूर्व परीक्षण के लिए आई महिलाओं ने मांग किया कि उन्हें रायगढ़ जाने में परेशानी होती है अतएव यही सारंगढ़ में ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध करावे। जिस पर कलेक्टर डॉ.आलम ने जल्द जरूरी व्यवस्थाएं करने की बात कही। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफ.आर.निराला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में पदस्थ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ का स्थानांतरण हो जाने की जानकारी दी, जिस पर कलेक्टर डॉ.आलम ने आगे चर्चा कर व्यवस्था करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक नंदलाल इजारदार ने विभिन्न कार्यक्रमों व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.एल सिदार ने चिकित्सालय व्यवस्था की जानकारी दी। इस मौके पर अस्पताल के स्टाफ उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय सारंगढ़ का किया औचक निरीक्षण

- छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने शिक्षकों को दिए निर्देश



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम आज स्वामी आत्मानंद विद्यालय सारंगढ़ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अध्ययनरत बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश शिक्षकों को दिए। उन्होंने स्कूल के पुस्तकाल, कम्प्यूटर कक्ष, प्रयोगशाला, स्टाफ रूम सहित सभी कक्षाओं को देखा तथा विद्यालय परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए स्कूल में बेहतर माहौल बनाने और तमाम विद्यालयीन गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने को कहा।

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने कक्षा अवलोकन के दरम्यान विद्यार्थियों से पठन-पाठन, खेलकूद, बच्चों के कैरियर, विद्यालय के वातावरण, फीस जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए जानकारी ली। बच्चों ने कलेक्टर के सभी प्रश्नों का जबाब दिए। कलेक्टर ने बच्चों को सुखद और बेहतर भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए पूरे मनोयोग से पढ़ाई करने को कहा। उन्होंने बच्चों से आईएएस, डॉक्टर, इंजीनियर, सीए जैसे महत्वपूर्ण पदों पर चयनित होने के लिए बेहतर पढ़ाई और समय का सदुपयोग करने को कहा। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने बच्चों से चर्चा के दौरान आगामी बोर्ड परीक्षा में अधिक से अधिक संख्या में टॉप टेन में जगह बनाने लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को यथाशीघ्र व्यवस्थित करने डीईओ को निर्देशित किया।

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने दो पालियों में संचालित होने वाली स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हिंदी और अंगे्रजी माध्यम स्कूल के समय-सारिणी के संबंध में डीईओ एवं प्राचार्य से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों के समग्र विकास के लिए विद्यालयीन गतिविधियों के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां कराए जाने डीईओ को निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी रानी जांगड़े, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर.के.कश्यप, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुर्रे, सोमा सिंह ठाकुर, सहायक संचालक रामेश्वर जांगड़े, बरमकेला विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र जांगड़े, विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480